तापमान

अधिकतम 41.2 डिग्री

न्यूनतम 23.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 4 मई 2024

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]





11 बसना में लगा निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा ..



12 लाफिनखुर्द में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण...


**अनदेखी :** पार्टी वाले साथ देते तो नहीं दर्ज होती रेत उत्खननकर्ताओं की झूठी रिपोर्ट दर्ज

# जनपद अध्यक्ष ने बताई पीड़ा, कहा-जिसका दामन थामा उन्होंने हालचाल तक न जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा में प्रवेश के बाद हुए हमले से जनपद अध्यक्ष हताश हैं, वहीं लोग भी सोशल मीडिया के माध्यम से लगातार पूछ रहे हैं कि कांग्रेस का दामन छोड़ते ही हमला होना शुरु हो गया? यह सवाल इसलिए भी उठ रहा है कि लोकसभा चुनाव के दौरान जिस तत्परता से जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू को भाजपा प्रवेश कराया गया था, वहीं लोग वर्तमान में घटना के बाद हालचाल जानना तक जरुरी नहीं समझ रहे। जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू की मानें तो रेत के कारोबार में अवैध कार्यों को रोकने का परिणाम यह हुआ कि उनके और उनके पुत्र के साथ खनन कारोबारी ने हमला किया, मारपीट की और वाहन को क्षति पहुंचाई। लेकिन, अब तक एक भी भाजपाई उनके समर्थन में खड़ा नही हुआ। वहीं भाजपा शासन में रेत के अवैध कारोबार में और बढ़ोत्तरी हो गई है। नेताओं को कमीशन पहुंचना, बड़े नेताओं की हिस्सेदारी और ट्रांसपोर्टिंग में विशेष ट्रांसपोर्टर की वाहनों का ही खदानों तक पहुंचाना और मुढ़ैना, नांदगांव और चिंगरौद की ओर से होते हुए निर्बाध राजधानी की ओर निकलना स्पष्ट करने लगा है कि विधानसभा चुनावों के बाद भाजपाजन अवैध कार्यों को लेकर चुप्पी साध चुके हैं। खदानों से स्पष्ट तौर पर कमीशन और हिस्सेदारी की बातें भी आम जनता में चर्चा का विषय बने हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार से मोहकम घाट से भी रेत का अवैध उत्खनन शुरु कर दिया गया है। वहीं अफसरों को जानकारी दिए जाने के बाद भी कार्रवाई नहीं की जाती।





नियम विरुद्ध हो रहा था रेत उत्खनन, जनपद अध्यक्ष ने रोका तो हुआ हमला

## साथ नहीं दे रहे भाजपाई

साहू ने स्पष्ट किया है कि भाजपा जन उसी रात साथ देते तो झूठा आरोप लगाकर मामले में रेत उत्खननकर्ता की ओर से रिपोर्ट दर्ज नहीं होती, क्योंकि हमला करने पश्चात उनके द्वारा बचाव में झूठा आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई गई है, ताकि मामले में समझौता हो सके।

## धरना प्रदर्शन और अनशन की दी चेतावनी

जनपद अध्यक्ष यतेंद्र ने हरिभूमि को बताया है कि लगातार सूचना देने के बाद भी अफसर अवैध कार्यों को रोकने में कोई रुचि नहीं ले रहे। घटना के 48 घंटे बाद भी रेत का नियम विरुध्द उत्खनन जारी है। कार्रवाई के अभाव में दूसरे पक्ष के हौसले बुलंदी पर हैं। साथ ही उन्होनें स्पष्ट किया है कि सोमवार को प्रशासनिक अफसरों से इसकी लिखित शिकायत की जाएगी, बावजूद कार्रवाई नहीं हुई तो धरना प्रदर्शन और अनशन किया जाएगा।

## ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत


**महासमुंद।** कोमाखान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टेमरी के नाका के पास बाइक सवार युवक की ट्रक की टक्कर से मौत हो गई। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। कोमाखान पुलिस ने बताया कि मृतक मुकेश निषाद पिता रामलाल निषाद (32) निवासी तुसदा थाना खल्लारी जिला महासमुंद अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 सीजे 4725 से ससुराल ग्राम टेमरी आया हुआ था, वह अपने काम से खरियार रोड गया था। बाइक से वापस आते समय लगभग 9 बजे से 9:30 बजे के बीच एनएच 353 रोड टेमरी नाका साईन बोर्ड के पास वह पहुंचा था कि उसी समय महासमुंद की ओर से ट्रक क्रमांक एमएच 40 बीजी 3792 के चालक ने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सामने से मुकेश निषाद की बाइक को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मुकेश निषाद को गंभीर चोट आई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई । पुलिस ने इस मामले में आरोपी ट्रक चालक के विरूद्ध अपराध धारा 304(ए) भादवि के तहत जुर्म दर्ज किया है।


## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969


## हार्डवेयर दुकान में लगी आग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बागबाहरा के हार्डवेयर दुकान में बीती रात आग लग गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। आग से दुकान के सामान को काफी क्षति पहुंचने की जानकारी मिल रही है। मिली जानकारी के अनुसार बागबाहरा के कमलेश हार्डवेयर दुकान में बीती रात भीषण आग लग गई। इस घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं एक घंटे बाद जब नगर पालिका की फायर ब्रिगेड पहुंची तब तक दुकान में रखा सामान खाक हो चुका था। जबकि नगर पालिका से महज डेढ़ किलोमीटर दूरी पर ही आग लगी थी। इस घटना में दुकान में रखा लाखों का सामान जल गया। आग लगने का कारण अज्ञात है।

## लोन में 50 प्रतिशत सब्सिडी मिलने के झांसे में आकर बैंक कर्मी हुआ ठगी का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लोन में 50 प्रतिशत सब्सिडी मिलने के झांसे में आकर एक बैंक कर्मचारी 1.70 लाख रुपए की ठगी का शिकार हो गया। यह मामला बागबाहरा थाना अंतर्गत है। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

प्रार्थी प्रकाश कुर्रे पिता कमल कुर्रे निवासी वार्ड नं 15 बागबाहरा जिला महासमुंद ने शिकायत करते हुए बताया कि मैं एचडीएफसी बैंक बागबाहरा में सीआरई के पद पर कार्यरत हूं। मुझे 5 अप्रैल को 11:43 मिनट में मेरे मोबाइल नंबर पर मिस्ड कॉल आया, उसे देखकर मैंने उसे कॉल किया। उक्त व्यक्ति ने अपना नाम आकाश पांडेय और कृषि विभाग एवं बीज निगम विभाग के रायपुर ऑफिस में कार्यरत कर्मचारी होना बताया। उक्त व्यक्ति ने कहा कि आपके पास क्या ग्राम पंचायत मोंगरापाली सरपंच का मोबाईल नंबर या फिर सांसद का मोबाईल नंबर मिल सकता है । इस पर मैंने बोला मेरे पास नहीं है। साथ ही मेरे पूछने पर उसने बताया कि 12 अप्रैल को महासमुन्द में सब्सिडी वाले ट्रैक्टर बांटना है, जिसमें सांसद अपने पहचान वाले जिसको देना है उसके बारे में बताएंगे और एक मुर्गी फार्म का लोन भी है, जिसे हमारे विभाग कृषि एवं बीज निगम विभाग द्वारा देना है। उसके बाद पूछा आपके पास जमीन होगा तो आपको लोन दे देंगे। इस पर मैने कहा कि मेरे पास नहीं है, लेकिन मेरे परिवार में है। इसके बाद वह लगातार बोलने लगा कि सर लोन आपको दे देते है 50 प्रतिशत सब्सिडी है कहते हुए उसने काफी जिद की। इसके बाद लोन के संबंध में दोनों के बीच लगातार बात हुआ। मुझसे 1 लाख रुपए 50 प्रतिशत सब्सिडी वाले मुर्गी फार्म लोन और ट्रैक्टर लोन के लिए 80000 की मांग किया गया। उसके झांसे में आकर 5 अप्रैल को 20000 रुपए फोन पे के माध्यम से और 6 अप्रैल को फोन पे के माध्यम से 50000 रुपए तथा इंडियन ओवरसीज बैंक के अपने खाते से आरटीजीएस आरोपी द्वारा दिए गए आईडीएफसी फर्स्ट बैंक आईएफएससी IDFB0060521 चांपा ब्रांच के खाते में मेरे द्वारा 100000 रुपए भेजा गया। इस तरह कुल 170000 रुपए मेरे द्वारा दिया गया। उसके बाद लोन के संबंध में 8 अप्रैल तक बात होती रही और वह कहने लगा मुझे और ग्राहक दो। इस पर मैने कहा कि मेरा काम होने और आपसे मिलने के बाद बाकी और ग्राहक देंगे। इसके बाद आरोपी ने आपका लोन स्थागित हो गया है कहकर शाम को 06:25 मिनट में मोबाईल बंद कर दिया। मामले में बागबाहरा पुलिस ने आरोपी आकाश पांडेय के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है।




## खबर संक्षेप



### मतदान बढ़ाने कलेक्टर से की मुलाकात

**रायपुर।** सिंधी साहिती बिरादरी मंडल के पदाधिकारियों ने गुरुवार को कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह से मुलाकात की। इसी दौरान पदाधिकारियों ने कलेक्टर से मतदान बढ़ाने के लिए मार्गदर्शन लिया। मुलाकात के दौरान अध्यक्ष दिलीप इसरानी, मनोहर छुगानी, सुनील अजवानी, अशोक इसरानी, शंकर, नरेश लालवानी, हरीश अजवानी, अजीत मोटवानी, मोहन, विजय हेमानी उपस्थित रहे।

### गायत्री परिवार की शुरू होगी ग्राम तीर्थयात्रा



**रायपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार में अखंड दीप के 100 वर्ष पूरे होने पर गायत्री परिवार द्वारा ग्राम तीर्थयात्रा की शुरुआत की जा रही है। अखंड दीप को पूरे देशभर में भ्रमण कराया जाएगा। इस संबंध में गुरुवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार से रायपुर पहुंचे ऋषि पुत्रों द्वारा प्रदेश स्तरीय बैठक ली गई। बैठक में प्रदेशभर के पदाधिकारी उपजोन जिला जोन और शक्तिपीठ के पदाधिकारी बैठक में मौजूद रहे। बैठक में छत्तीसगढ़ में रथ के संचालन और अखंड ज्योति को लेकर पूरे प्रदेश में भ्रमण करने के विषय पर चर्चा हुई, जिला स्तर पर अखंड ज्योति को भ्रमण करने और ग्रामीण क्षेत्रों में अखंड ज्योति को गांव-गांव तक ले जाने, गायत्री परिवार के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्ययोजना बनाई गई।

### पंजाबी महिला मंडल ने दाना पानी के लिए बांटे सकोरे



**रायपुर।** मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ पंजाबी महिला मंडल द्वारा मरीन ड्राइव में बुधवार को छाछ एवं चिड़ियों के दाना-पानी के लिए सकोरा वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में रेनू गुप्ता, मीना बजाज, विजय लक्ष्मी बजाज, उमा डूडेजा, प्रिया नारंग, उर्मिला अरोड़ा, संतोष सूरी, सुरेखा कुमार, रीता चोपड़ा, बिंदु बग्गा, अलका मोदी, किरण बत्रा, शशि डूरेजा, अंजू अरोड़ा सदस्य उपस्थित थे।

### 'रैपिडो और चुनाव कार्यालय की पहल', मतदाताओं को मिलेगी परिवहन सेवा



**रायपुर।** देश के लोकतांत्रिक ढांचे को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता के साथ भारत के प्रमुख कम्यूट एप रैपिडो ने राष्ट्र के प्रति अपना कर्तव्य निभाते हुए 'सवारी जिम्मेदारी की' पहल लांच की है। रायपुर जिला चुनाव कार्यालय के सहयोग से रैपिडो 7 मई को रायपुर के मतदाताओं के लिए मुफ्त बाइक, टैक्सी राइड उपलब्ध कराएगी। 150 बाइक, टैक्सी कैप्टंस के साथ इस रैली को कलेक्टोरेट परिसर, मल्टी पार्किंग, घड़ी चौक से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह एवं विश्वदीप जिला पंचायत सीईओ और निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा मौजूद रहे। उन्होंने नागरिकों को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया।
साथ ही कलेक्टर डॉ. सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ ने कहा, यह देखकर अच्छा लगता है कि लोकतंत्र की भावना का जश्न मनाने के लिए निजी कंपनियां सरकार के साथ मिलकर काम कर रही हैं। रैपिडो की पहल 'सवारी जिम्मेदारी की' लोकतंत्र में सामूहिक कार्य के महत्व की पुष्टि करती है। आम चुनाव-2024 के दौरान मुफ्त बाइक, टैक्सी राइड उपलब्ध कराकर रैपिडो न सिर्फ परिवहन के साधन उपलब्ध कराएगी, बल्कि यह भी सुनिश्चित करेगी कि हर नागरिक की आवाज लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपना योगदान दे।

# संसार को माया के बंधन में बांधने वाले कृष्ण मां यशोदा की रस्सी में बंध गए: पं. मिथलेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय सांई मंदिर महामाया पारा में चल रहे श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के अंतर्गत भागवताचार्य पं. मिथलेश कुमार तिवारी ने भगवान कृष्ण के बाल लीलाओं का बखान करते हुए कहा कि बाल स्वरूप में प्रभु कृष्ण माता यशोदा से कभी चंद्र खिलौना के लिए जिद करते तो कभी स्वयं ही विवाह रचाने के लिए रूठ जाते, ऐसे में मां यशोदा अपने लाला कान्हा को मनाने के लिए अनेक उपाय करती। साढ़े 3 वर्ष के कृष्ण मैय्या के मनाने पर मान जाते। लाला जब विवाह रचाने के लिए रूठ गए तो माता यशोदा ने एक गुडिय़ा लाकर दिया और वे खुश होकर गुडिय़ा से खेलने लगे। इसी तरह अनेक बाल लीलाओं का बखान व्यासपीठ से तिवारी ने किया। उन्होंने भगवत प्रेमी श्रोताओं को बाल लीलाओं का श्रवण कराते हुए कहा कि दूध उफनने पर गोद में बैठे कृष्ण को जमीन पर छोड़कर जब मां यशोदा चली गई तो भगवान को क्रोध आया और जिस पात्र में मां यशोदा मक्खन निकाल रही थी उसे तोड़ दिया। इस पर मां क्रोधित होकर भगवान कृष्ण को सजा देने ओखली से रस्सी में बांधने लगी, किंतु रस्सी छोटा पड़ जाता था। अंत में जब भगवान ने देखा कि माता यशोदा परेशान हो रही तो संसार को माया के बंधन में बांधने वाले भगवान स्वयं मां के बंधन में बंध गए। नटखट कृष्ण धीरे-धीरे ओखली को खींचते हुए घर के आंगन में अर्जुन के दो वृक्ष के बीच पहुंचे और उसे कोहनी से गिरा दिया। जोर की आवाज आने पर मां यशोदा दौड़कर पहुंची और भगवान कृष्ण को गोद में उठाकर दुलार करने लगी। यह लीला वृक्ष के रूप में खड़े कुबेर पुत्रों के उद्धार के लिए भगवान ने रची। भागवताचार्य ने कहा कि एक समय कुबेर पुत्र नदी में बिना वस्त्र के स्नान कर रहे थे जब नारद जी उधर से निकले तो उन्होंने उसे ऐसा करने से मना किया लेकिन वे नही माने और नारद जी का उपहास करने लगे। इस पर नारद ने उन्हें जड़ रूप में रहने का शाप दे दिया था। बाबा नंद ने जब देखा कि जब गोकुल में लगातार लाला के साथ अनहोनी हो रही है तो वे गांव छोडऩे का निर्णय लिया और सभी की सहमति से सब कुछ छोड़कर वृंदावन चले आए। व्यासपीठ से भगवताचार्य ने शकटासुर, बकासुर समेत अने असुरों के उद्धार की कथा का बखान किया।





**सरायपाली।** मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर बगाईजोर के जीर्णोधार एवम सौंदर्यकरण के लिए मुकेश अग्रवाल ने 51 हजार रुपए सहयोग किया गया। इस कार्य के लिए भक्तों ने हर्ष जताया है।

# अब संविधान के बुनियादी ढांचे को बदलने की तैयारी, चुनाव में सरपंचों जैसे दांव-पेंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




देश में वर्तमान लोकसभा चुनाव कई मायने में असामान्य सा लगने लगा है। इस चुनाव के महत्व व मायने अब जनता समझने लगी है। अभी केन्द्र की सत्तारूढ़ पार्टी के बड़े नेता 400 पार के दावे कर रहे हैं। इसे मतदाता भी देख और समझ रहे हैं। भारत जोड़ो अभियान का हिस्सा होने के नाते लोगों से चर्चा में यह महसूस भी किया है। नए-पुराने दौर की बातों का जिक्र करते हुए दोपहर एक बजे भारत जोड़ो अभियान के राष्ट्रीय संयोजक योगेन्द्र यादव मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में पत्रकारों से रूबरू हुए।

इससे पहले प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई और अरविंद सोनवानी ने अभियान योगेन्द्र यादव का स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने अभियान से जुड़े अनुभव व सवालों के जवाब में कई बाते कहीं। बताया कि यह चुनाव लोकसभा के बजाय संविधान सभा का ज्यादा लग रहा है। इसमें बड़े बदलाव के लिए ही अबकि बार 400 पार का नारा लगाया जा रहा है। हकीकत कुछ और ही है। ऐसे दावे पूर्व में कांग्रेस ने किए और इंदिरा जी की सरकार चली गई। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि चुनाव के पहले भी नए लोगों को इलेक्शन की जिम्मेदारी दी गई। मैच शुरू होने से पहले कांग्रेस के नेताओं के यहां रेड डालने जैसे कई हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। अरविंद केजरीवाल और सोरेन को जेल भेज दिया।

### सरपंच चुनाव जैसे हालात

इसे दमनकारी हथकंडा कहा जाता है, जो सत्तारूढ़ पार्टी अपना रही है। आमतौर पर मैंने इस तरह के दांव-पेच सरपंच चुनाव में देखे हैं, जो इस बार लोकसभा चुनाव में देखने को मिल रहा है। मंदिर के नाम पर वोट मांगा जा रहा है। दो बार के पीएम से कोई हिसाब नहीं मांग रहा, जो मांगते हैं, उन्हें डॉ. मनमोहन सिंह सरकार का हिसाब दिया जा रहा है। अग्निवीर का क्या हुआ, युवा बेरोजगार हैं, उन्हें कब नौकरी मिलेगी, इन सवालों का कोई जवाब नहीं दे रहा है।

# तीन दिवसीय ग्रीष्मकालीन नि:शुल्क व्यक्तित्व विकास शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शासकीय हाईस्कूल लाफिन खुर्द में कक्षा नवमी से कॉलेज तक के बच्चों के लिए आयोजित निशुल्क व्यक्तित्व विकास शिविर का समापन प्रभा थिटे एवं मनहरण साहू उप जोन संगठन प्रभारी एवं नरेंद्र नायक ब्लॉक समन्वयक की उपस्थिति में हुआ।

शिविर में 40 बच्चे भाग लिए थे, जिसमें से प्रथम दिवस भरत साहू ने युवाओं को आह्वान करते हुए कहा कि आज युवाओं की दशा और दिशा दोनों बदलने की आवश्यकता है। युवाओं को श्रेष्ठ चिंतन एवं सृजन शीलता में अपनी शक्ति को लगाने के लिए आगे आने कहा। नरेश साहू ने व्यक्तित्व विकास के सूत्र एवं स्वाध्याय की आवश्यकता तथा कैरियर निर्माण जैसे विषय पर सार गर्भित उद्बोधन दिए। खेमीन साहू ने स्वास्थ्य रक्षा के सूत्र एवं बाल संस्कार शाला की आवश्यकता पर बल देते हुए पावर पॉइंट के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी। मनोरमा साहू ने बालिका शिक्षा एवं नारी सशक्तिकरण की आवश्यकता पर बल देते हुए नारियों को आगे आने के लिए परिष्कृत जीवन शैली अपनाने की बात कही। अंतिम दिवस हरिश डडसेना ने स्मरण शक्ति कैसे बढ़ाएं इस विषय पर अपने प्रस्तुति दी। भारत साहू ने नशा और कुरीति उन्मूलन पर बात रखते हुए नशा से होने वाले हानियों पर विचार से चर्चा की।

राम कुमार साहू द्वारा बच्चों को आशीर्वचन देते हुए अंग्रेजी सांग के माध्यम से बच्चों को प्ले करवाया, जो बहुत ही रोचक रहा। अंत में आमंत्रित अतिथियों द्वारा द्वारा बच्चों को साहित्य देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग के लिए पूर्व सरपंच भीखम साहू एवं टॉप राम साहू को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। एमएल साहू ने कहा कि शिविर में बताए हुए बातों को गांठ बांधकर जीवन उतारने एवं श्रेष्ठ इंसान बनने के लिए आगे बढ़े। प्रभा थिटे ने सभी बालिकाओं को लक्ष्य निर्धारण कर उसके अनुसार योजना बनाते हुए मंजिल प्राप्त करने की बात कही तथा नारी शक्ति को आगे आकर समाज निर्माण में योगदान देने के लिए तैयार रहने कहा। नरेंद्र नायक ने बच्चों को जीवन में गायत्री को अपनाने तथा संकल्प शक्ति के द्वारा सभी असंभव कार्य को पूरा करने का हौसला रखने कहा। अंत में सभी बच्चों की अनुभव साझा किए गए। प्रश्नोत्तरी के माध्यम से शंका समाधान किया गया।

शांति पाठ एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम के समापन किया गया। संगीत पक्ष में लोकेश सेन , लिलेश साहू ने शानदार संगीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में भीखम साहू पूर्व सरपंच एवं टॉप राम साहू, भरोसा, राधेश्याम सोनी, संदीप तिवारी का विशेष योगदान रहा। शिविर में 10 बच्चों ने बाल संस्कार शाला संचालान करने, सात बच्चों ने पौधारोपण करने एवं पांच बच्चों ने नशा मुक्ति अभियान चलाने एवं सभी बच्चों ने नशा नहीं करने का संकल्प लिया। यह जानकारी संस्था प्रमुख भारत साहू ने दी है।

# जेम एंड ज्वेलरी के विद्यार्थियों ने सराफा बाजार में स्टडी और इंटर्नशिप को प्रायोगिक तौर पर जाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- विद्यार्थियों ने कई जेम एंड ज्वेलरी संस्थानों का भ्रमण किया

पंडित रविशंकर शुक्ल विश्व विद्यालय द्वारा संचालित जेम एंड ज्वेलरी कोर्स की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों ने गुरुवार को अपने विषय को प्रायोगिक तौर पर देखने व समझने सदरबाजार के विभिन्न जेम एंड ज्वेलरी संस्थानों का भ्रमण किया। उनका यह भ्रमण जेम एंड ज्वेलरी स्टडी और इंटर्नशिप प्रोग्राम के तहत था।

रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू के रत्नाभूषण प्रतिष्ठान जेवर में पहुंचे छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ में रत्नाभूषण उद्योग के भविष्य, इस क्षेत्र में प्रशिक्षित मानव संसाधन की आवश्यकता, रोजगार व स्वरोजगार की संभावनाओं पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। श्री मालू ने छात्र-छात्राओं को हालमार्क ज्वेलरी, रत्न आभूषण में उपभोक्ता संरक्षण, क्वालिटी कंट्रोल, छत्तीसगढ़ की परम्परागत ज्वेलरी, रत्न आभूषणों में बदलते ट्रेंड, हेंड मेड ज्वेलरी, कास्टिंग ज्वेलर्स, जियो राजनीतिक परिस्थितियों का प्रभाव, सोने चांदी की कीमत, सोने चांदी जैसे मूल्यवान धातुओं व आम उपभोक्ताओं के खरीदने की क्षमता पर खुलकर चर्चा की।

सवाल जवाब के बीच उन्होंने अपनी जिज्ञासा भी शांत की। आधुनिकता के दौर में परम्परागत विधि से सोने चांदी को परखने की विधि के संबंध में भी श्री मालू ने उन्हें अवगत कराया।

# भागवत महापुराण से मिलता है मोक्ष : पं. मनोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- अनैतिक कार्य न करने व शराब न पीने का दिलाया संकल्प

पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर के सामने में आयोजित श्रीमद भागवत ज्ञानयज्ञ कथा में मां महामाया मंदिर के भागवताचार्य पं. मनोज शुक्ला ने गुरुवार को कथा में बताया कि भागवत महापुराण साक्षात भगवान श्रीकृष्ण स्वरूप नारायण ही है, जो मोक्ष का मार्ग दिखलाती है।

श्रीमद भागवत महापुराण सभी पुराणों में सर्वश्रेष्ठ है। इसे केवल बुढ़ापे में नहीं, बल्कि बचपन में, युवा, हर अवस्था में, हर कोई सुन सकता है और सुनना चाहिए। उन्होंने कथा में भगवान बलराम और कृष्ण की बहन सुभद्रा का विवाह अर्जुन के साथ होने, ऋषि दुर्वाशा का यदुवंशियों को श्राप तथा भगवान के स्वधाम गमन की कथा सुनाई।

### भागवत महापुराण सुनने से मिलती है सुख-शांति

भागवताचार्य ने कहा कि मनुष्य आज सुख-शांति पाने के लिए न जाने कितने उपाय करता है। दौड़-भाग करते रहते हैं, लेकिन भागवत महापुराण सुनें तो सुख-शांति अपने आप मिल जाती है, कष्ट दूर हो जाता है और मोक्ष पद की प्राप्ति भी होती है। कथा के समाप्ति के बाद पं. मनोज शुक्ला ने भक्तों को स्वयं व अपने आसपास अनैतिक कार्य न करने व जुआ, शराब से दूर रहने की शपथ भी दिलाई।

# सड़क हादसे में घायल डॉक्टर के परिवार को अब तक नहीं मिला न्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





- पुलिस जांच पर उठ रही अंगुली, घटना के दो माह बाद भी आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर
- आरोपी को भीड़ ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया लेकिन पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में दो माह पूर्व सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल डॉक्टर डॉ. एम अनीस मेमन के परिवार को अब तक न्याय नहीं मिला है। डॉ. मेमन उनकी पत्नी तथा बेटा छह मार्च को टहल रहे थे। इसी दौरान नशे में धुत्त कार सवार लड़कों ने डॉक्टर के परिवार का एक्सीडेंट कर दिया। घटना के बाद भागने की कोशिश कर रहे कार सवार लड़कों को भीड़ ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया, लेकिन पुलिस पर उन लड़कों को छोड़ देने तथा अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को रफा दफा करने का आरोप है।

डॉक्टर मेमन ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया है कि घटना दिनांक को वे अपनी पत्नी तथा बेटे के साथ कैनाल लिंक रोड के श्याम नगर चौक के पास रात 11 बजे टहलने के लिए निकले थे। इसी दौरान पीछे से एक तेज रफ्तार कार ने डिवाइडर पर चढ़ने के बाद अनियंत्रित होकर उन्हें ठोकर मार दी। कार की ठोकर लगने से डॉ. मेमन के पैर तथा कंधे की हड्डी टूट गई। साथ ही डॉक्टर के बेटे का पैर फ्रैक्चर हो गया। डॉक्टर की पत्नी अब तक पूरी तरह से ठीक नहीं हो पाई है। डॉक्टर की पत्नी के सिर के साथ दोनों पैर फ्रैक्चर हो गए। पैरों में स्टील की प्लेट लगानी पड़ी है। डॉक्टर की पत्नी का दो बार ऑपरेशन करना पड़ा। ठीक नहीं होने पर तीसरी बार भी ऑपरेशन किया जा सकता है।

### आरसी बुक में मालिक का नाम बदला

घटना के बाद हुंडई कार सीजी 04 एमएफ 2588 की नंबर प्लेट टूटकर गिर गई। नंबर प्लेट के आधार पर कार मालिक के बारे में जानकारी जुटाई गई, तो कार किसी संधू सेन नाम की महिला के नाम पर रजिस्टर्ड मिली। दूसरे दिन सात मार्च को नंबर के आधार पर सर्च किया गया, तो कार रामकुंड निवासी किसी सकलेन शेख के नाम पर रजिस्टर्ड होना पाई गई।

### सुपुर्द करने के बाद भी अज्ञात पर उठ रही अंगुली

डॉक्टर मेनन के मुताबिक घटना के बाद उनकी पत्नी तथा बेटा बेहोश हो गए थे। रास्ते से गुजर रहा एक ओला चालक उन्हें रामकृष्ण अस्पताल लेकर गया। घटना के बाद भागने की कोशिश कर रहे कार चालक का टायर बर्स्ट हो गया। इस वजह से बदमाश भाग नहीं पाए। तब तक मौके पर भीड़ पहुंच चुकी थी। भीड़ ने कार चालक तथा कार पर सवार दो अन्य लोगों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। इसके बाद भी पुलिस द्वारा अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज करना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग रहे हैं। घटना के बाद पुलिस ने अब तक घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी फूटेज की जांच करने के साथ लोगों के बयान तक दर्ज करना उचित नहीं समझा।

## संचालनालय पेंशन एवं भविष्य निधि ने बताई प्रक्रिया

# ओपीएस का विकल्प चुनने वाले कर्मचारियों को एनएसडीएल से रकम निकालकर जमा करानी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के ऐसे शासकीय सेवक जिन्होंने पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) का विकल्प चुना है, उन्हें इस योजना के तहत पेंशन प्राप्त करने के लिए एनपीएस योजना की जो राशि एनएसडीएल में जमा कराई गई है, वह राशि राज्य में जमा करानी होगी। इसके बाद ही उन्हें पुरानी पेंशन योजना का लाभ मिलना शुरू होगा। संचालनालय पेंशन एवं भविष्य निधि छत्तीसगढ़ ने पुरानी पेंशन योजान लागू होने पर सेवानिवृत्ति के प्रकरणों के निराकर के लिए प्रक्रिया निर्धारित की है। संचालनालय पेंशन एवं भविष्य निधि द्वारा इस संबंध में प्रदेश के सभी संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, सरगुजा, और बस्तर को इस प्रक्रिया से अवगत कराया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में एनपीएस के स्थान पर ओपीएस लागू की गई थी।

### अब ये करना होगा

वित्त विभाग ने साफ किया है कि पुरानी पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए शासकीय सेवक को पेंशन का विकल्प भरना होगा। ऐसे प्रकरण जिसमें कर्मचारी द्वारा प्रान खाते में जमा राशि का आहरण नहीं किया गया है, ऐसे प्रकरणों में कर्मचारी द्वारा एनपीएस के नियम के अनुसार आहरण की कार्यवाही को पूर्ण करना अनिवार्य होगा। इसके बाद आहरित राशि से कर्मचारी द्वारा नियोक्ता अंशदान तथा उस पर उपार्जित लाभ को चालान के माध्यम से शासन के निर्धारित प्राप्ति शीर्ष में जमा कराया जाएगा। कर्मचारी द्वारा नियोक्ता अंशदान तथा उस पर उपार्जित लाभ की राशि चालान के माध्यम से वापसी के बाद ही पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) जारी किया जाएगा।

### अपनानी होगी ये प्रक्रिया

संचालनालय पेंशन एवं भविष्य निधि द्वारा जारी प्रक्रिया के संबंध में कहा गया है कि वित्त निर्देश 11-2023 के अनुसार राशि जमा करने में आहरण एवं संवितरण अधिकारी जानकारी प्रदान करेंगे। वित्त विभाग द्वारा 28 फरवरी 2023 को पुरानी पेंशन योजना लागू होने के बाद सेवानिवृत्ति के प्रकरण में पेंशन का भुगतान करने के संबंध में ये निर्देश दिए गए थे। कहा गया है कि सेवानिवृत्ति के बाद संबंधित सेवानिवृत्त शासकीय सेवक अपने प्रान खाते में जमा शासकीय अंशदान एवं उस पर मिले लाभांश को शासकीय कोष में जमा करेंगे। इसके बाद पुरानी पेंशन योजना की पात्रता होगी और पेंशन भुगतान आदेश जारी किया जाएगा।

# चंदनीडीह में एनएचआई ने तोड़ी पाइप लाइन, निगम ने फिर कराई मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- चंदनीडीह तक घर-घर पेयजल पहुंचाएगा निगम



रायपुर नगर निगम द्वारा चंदनीडीह के घरों में पेयजल आपूर्ति के लिए बिछाई जा रही पाइप लाइन को राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग ने मार्ग बनाने के दौरान क्षतिग्रस्त कर दिया। विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर निगम ने क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की मरम्मत करा ली है। इससे जल्द ही चंदनीडीह के रहवासियों को पाइप लाइन के जरिये पीने का पानी मिलने लगेगा। नगर निगम द्वारा जोन 8 क्षेत्र के चंदनीडीह के घरों में पेयजल आपूर्ति करने पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। टाटीबंध से चंदनीडीह तक 700 मीटर दायरे की पाइप लाइन को एनएचआई द्वारा सड़क बनाने के दौरान तोड़ दिया गया। तब निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर एनएचआई के अधिकारियों के साथ बैठक लेकर उन्हें समझाइश दी गई। इसके बाद क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की मरम्मत का काम पूरा करा लिया गया है। विदित हो, नगर निगम सीमा क्षेत्र में शामिल चंदनीडीह गांव में पेयजल आपूर्ति के लिए पाइप लाइन नहीं होने से रहवासी पारंपरिक जलस्त्रोत पर निर्भर थे। अब वहां पाइप लाइन के जरिये घरों तक पानी पहुंचाया जायेगा।

**खबर संक्षेप**




## सिरशोभा स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**सरायपाली।** शासकीय प्राथमिक शाला सिरशोभा में सत्र 2023-24 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। सर्वप्रथम प्रधान पाठक दुर्वादल दीप, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष सरस्वती चौहान एवं बच्चों द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात प्रधान पाठक ने कक्षा पहली से पांचवीं तक के बच्चों का परीक्षा परिणाम घोषित कर प्रमाण पत्र वितरित किया। बच्चों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए पढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कक्षा पहली ग्रेड ए में 3, ग्रेड बी में 2, ग्रेड सी में 1, कक्षा दूसरी ग्रेड ए में 2,सी प्लस में 1, कक्षा तीसरी ग्रेड ए प्लस में 1, ए में 1, बी प्लस में 1, बी में 1, सी में 1, कक्षा चौथी ग्रेड बी प्लस में 1, सी प्लस में 1, कक्षा पांचवीं ग्रेड ए में 1, बी प्लस में 1 बच्चों ने अपना स्थान प्राप्त किया। इस प्रकार परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

## आत्मानंद में प्रवेश के लिए आवेदन 10 तक

**सरायपाली।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेज़ी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए लॉटरी की प्रक्रिया नियमानुसार समय सीमा में पूर्ण किया जाना है। सेजेस के प्राचार्य मनोज पटेल ने बताया कि कक्षावार एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 10 अप्रैल से 10 मई 2024 तक निर्धारित किया गया है। एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 मई 2024 है। वहीं रिक्त सीटों में प्रवेश के लिए लॉटरी 14 मई 2024 को प्रातः 9 बजे से सेजेस हॉल में नियमानुसार कक्षावार लॉटरी की प्रक्रिया पूर्ण किया जाना निर्धारित है। लॉटरी प्रभारी अधिकारी /बीईओ प्रकाशचंद्र मांझी ने सेजेस में विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु कक्षावार ऑनलाइन आवेदन करने वाले समस्त आवेदकों/पालकों को 14 मई 2024 को सेजेस हॉल में निर्धारित समय प्रातः 9 बजे लॉटरी के लिए उपस्थिति देने अपील की गई है। सेजेस में प्रवेश के लिए लॉटरी की प्रक्रिया को पारदर्शितापूर्वक संपन्न करने के लिए विखं स्तरीय कमेटी एवं ऑनलाइन आवदेन करने वाले आवेदकों, पालकों, सहयोगी शिक्षकों आदि की उपस्थिति में नियमानुसार लॉटरी की प्रक्रिया पूर्ण किया जाएगा।

# करीबी रिश्तेदार के अपराध में फंसने का झांसा देना ठगी का नया तरीका

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सावधान, यदि आपको वॉट्सअप कॉल आ रहा और

- बड़े अधिकारी का स्टेट्स लगाकर कर रहें वॉटसअप कॉल, फोन नंबर, नाम-पते, स्कूल-कॉलेज जैसी कई जानकारियां रखते हैं ठग

आपके किसी सगे संबंधी के किसी अपराध में फंसने या एक्सीडेंट होने के बारे में सूचना दी जा रही हो और आपसे सेटल करने के नाम पर पैसों की मांग की जा रही है, तो वह आजकल साइबर ठग का यही तरीका है। जिले में आए दिन हाईटेक फ्रॉड के ऐसे प्रकरण सामने आ रहे हैं, जिनमें लाखों रुपए की ठगी साइबर क्रिमिनलों ने की है। जिले में एक हफ्ते के भीतर एक दर्जन से ज्यादा लोगों को वॉट्सएप कॉल करके साइबर ठगों ने सीबीआई केस में फंसने या फिर किसी करीबी रिश्तेदार का एक्सीडेंट होने की सूचना देकर डराया और ऑनलाइन रकम ट्रांसफर कराने का प्रयास किया जा रहा है। चौंकाने वाली बात यह भी है कि वे जिनको भी कॉल करते हैं, पहले उनके बारे में मोबाइल फोन से लेकर परिवार के सदस्यों के बारे में काफी जानकारियां जुटाकर रखते हैं। सूत्रों ने दावा किया कि कस्टमर केयर या फिर शासकीय योजनाओं का फार्म ऑनलाइन लेने वाली साइटों से वे लोग निजी डेटा बल्क में खरीदते या फिर खुद निकालते हैं।

### एक ही दिन तीन मामले दर्ज

शुक्रवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में साइबर ठगी के तीन मामले दर्ज किए गए हैं। पहला मामला शेयर बाजार में लाभ दिलाने का झांसा देकर महासमुंद निवासी लोकेश्वर सिन्हा से 30 लाख रुपए, बागबाहरा में प्रकाश कुर्रे को लोन दिलाने के नाम पर एक लाख 70 हजार रुपए और तेंदूकोना के भुरकोनी निवासी यशवंत चतुर्वेदी के क्रेडिट कार्ड को अपडेट करने का झांसा देकर 43 हजार ठगी किया गया है।

### फ्रॉड की राशि की वापसी में कई दिक्कतें

साइबर थानों से जुड़े अधिकारियों से चर्चा में यह बात सामने आई है कि एक तो साइबर ठग लोगों के खाते से लाखों-करोड़ों रुपए उड़ा रहे हैं। लोग तुरंत रिपोर्ट लिखा रहे हैं। लेकिन, ठगी गई राशि मिलने पर काफी दिक्कतें हैं। इसलिए पीड़ितों को राहत नहीं मिल पा रही है। जबकि, लूटी गई राशि दिलाने के लिए समन्वय के साथ कानूनी कार्रवाई जरूरी है।

### साइबर ठगी से निपटने टीम गठित

एएसपी प्रतिभा पांडे ने बताया कि साइबर ठगी से निपटने के लिए जिले में टीम गठित की गई है। मोबाइल फोन के नंबरों की जांच कर उनका इस्तेमाल अपराधों में करने वालों को पकड़ने के लिए भी टीम बनाई गई है। पुलिस केस या कोई और कॉल आए तो घबराएं बिल्कुल नहीं, बल्कि उसकी सत्यता जांचें। कोई पैसा किसी को न दें। जिनके बारे में कॉल हो, उनके नंबर पर वापस कॉल कर लें।

# शेयर मार्केट में निवेश के चक्कर में युवक ने गंवाई 30 लाख रुपए से ज्यादा की रकम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नगर का एक युवक शेयर मार्केट में निवेश के चक्कर में ठगी का शिकार हो गया। 30 लाख रुपए से ज्यादा रकम की ठगी के मामले में महासमुंद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है, पुलिस ने मामले की विवेचना शुरु कर दी है।

पुलिस को प्रार्थी लोकेश्वर सिन्हा पिता रोहितलाल सिन्हा निवासी अटल विहार हाउसिंग बोर्ड कालोनी मकान नं 102 महासमुंद ने बताया कि मैं वडोदरा (गुजरात) में प्रायवेट इंजीनियरिंग कंपनी में नौकरी करता हूं। उसने बताया कि कुछ लोगों द्वारा मुझे शेयर बाजार में आर्थिक लाभ के नाम पर व्हाट्सअप ग्रुप (ए9 पेंथन वेंचर इन्वेस्टमेंट क्लब) में एड किया गया। उसके उपरांत अलग-अलग समय जनवरी, फरवरी में कुल 34,95,000 रुपए उनके अकाउंट में ट्रांसफर किए गए । 15 फरवरी को मुझे पता चला कि जिन लोगों द्वारा मुझसे शेयर बाजार में पैसे लगवाए थे वे सारे शेयर और उनका एप्लीकेशन एप (पीटी वेंचर) पूरी तरह से फ्राड है। प्रार्थी ने बताया कि आरोपी मोबाईल नंबर 7080837993 एवं 7668384353 के धारकों ने समय-समय पर मुझे अलग-अलग शेयर उनके पीटी एप के जरिए निवेश करवाया गया। जिसमें उसने इंडसइन बैंक शाहगंज आगरा ब्रांच 15 जनवरी 2024 को 50,000 रुपए, 17 जनवरी को 80,000 रुपए, 19 जनवरी को 1,50,000 रुपए, 29 जनवरी को 1,63,000 रुपए, 30 जनवरी को 1,45,000 रुपए। इसी तरह इंडसइन बैंक में 06 एवं 07 फरवरी को तीन ट्रांजेक्शन के जरिए 15,00,000 रुपए ट्रांसफर किए गए। 24 जनवरी 2024 को 2,20,000 रुपए 25 जनवरी को 2,00,000 रुपए ट्रांसफर किया गया । पंजाब नेशनल बैंक के अकाउंट में 09 फरवरी को 1,72,000 रुपए एवं 15 फरवरी को 8,15,000 रुपए ट्रांसफर किए गए।। दो बार मेरे द्वारा पीटी एप ट्रायल हेतु छोटी अमाउंट 1200 रुपए 02 जनवरी को एवं 9,400 रुपए 25 जनवरी को विड्रॉल किया गया। इस तरह कुल 34,84,400 रुपए की धोखाधड़ी हुई थी । प्रार्थी ने बताया कि 15 फरवरी को मेरे द्वारा सायबर अपराध में ऑनलाइन केस फाइल किया गया, उस वक्त मैं वडोदरा में कार्यरत था जिसका वडोदरा सायबर द्वारा जांच किया गया। इसके बाद मुझे सीजीएम कोर्ट वडोदरा के आदेशानुसार मुझे 3,86,272 रुपए रिकवरी हुए। प्रार्थी ने शेष रकम 30,98,128 रुपए की वापसी के लिए महासमुंद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी मोबाइल धारकों के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

# भरोसा करना महंगा पड़ा, महिला के जेवर को पड़ोसी ने रख दिया गिरवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

गांव से बाहर जाने के दौरान अपने सोने-चांदी को पड़ोसी के पास छोड़ना एक महिला को महंगा पड़ गया। पड़ोसी ने विश्वासघात करते हुए जेवरों को गिरवी रख दिए और महिला को वापस करने में आनाकानी करने लगा है। मामले में पीड़िता ने खल्लारी थाने में रिपोर्ट लिखाई है।

प्रार्थिया ने पूजा नेताम पिता उत्तम नेताम निवासी ग्राम आंवराडबरी ने पुलिस को बताया कि 24 मार्च को मै अपने पूरे परिवार के साथ काम के सिलसिले में गांव से बाहर चली गई थी। इस दौरान मैने अपने सोने-चांदी के आभूषण, सोने का हार, सोने का झुमका चांदी का करधन, चांदी का पायल, चांदी की चेन (कुल कीमत 1,30,870 रुपए) को अपने पड़ोसी जमुना बाई व उसके पति अंजोर दास मानिकपुरी पर भरोसा करते हुए संभालकर रखने दे दिया था। वापस आने के पश्चात मेरे द्वारा उक्त आभूषण को जमुना बाई से वापस मांगा गया तो उसने बताया कि आभूषण को गिरवी रख दिया है। अब वे मुझे आभूषणों को नहीं लौटा रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 406, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## चादर यात्रा...



**महासमुंद।** हजरत सैयद शाह बाबा गांधी चौक वाले का सालाना उर्स पर शहर के मुख्य मार्ग पर चादर यात्रा निकाली गई। एकता उत्सव के रूप में मनाया जाना वाला चादर यात्रा नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग के निवास स्थल से महामाया पारा से बिठोबा चौक, अम्बेडकर चौक, नेहरू चौक होते हुए सराफा बाजार स्थित हजरत सैयद मजार में समापन हुआ। जहां पर उनके अनुयायियों ने उनके मजार पर फूल चढ़ाएं और अमन चैन की दुआ मांगी।

# नायक पारा में एक ही हैंडपंप, पेयजल की भारी समस्या

**सरायपाली।** नगर सीमा से सटे बालसी के नायक पारा जहां ग्रामीण पानी के लिए आज भी हैंडपंप का सहारा ले रहे है। ऐसा नहीं है कि नायक पारा में नल जल नहीं है। बकायदा यहां केंद्र सरकार के घर-घर नल जल योजना अंतर्गत नायक पारा में पाइप बिछाकर प्रत्येक घरों में नल लगाया जा चुका है और यहां बोर भी खनन हो चुका है। लेकिन, कुछ कारणों के वजह से अभी तक पूरा मोहल्ला एक हैंडपंप से पानी ला रहा है।

गर्मी में ग्रामीणों को ज्यादा मात्रा में पानी की जरूरत रहती है। ग्रामीण नहाने के लिए तालाब या किसी खेत के बोर में नहा तो लेते है, लेकिन सबसे ज्यादा समस्या गर्मी में पीने के लिए पानी, पशु के लिए एवं कूलर में ज्यादा पानी की जरूरत पड़ती है, इसलिए गर्मी आते ही ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्याए बढ़ जाती है। धान कटाई होने के बाद किसान भी अपना बोर बंद कर देते है, ऐसे में नल जल और हैंडपंप ही ग्रामीणों का सहारा रहता है। लेकिन, हैंडपंप से पानी पाने में ग्रामीणों को सुबह शाम घंटों समय देना पड़ता है।



ग्राम पंचायत बालसी के नायक पारा के ग्रामीणों के अनुसार नल जल पर काम और बोर खनन हुए लगभग एक साल हो गए है, लेकिन ग्रामीणों को नल जल से पानी नहीं मिल रहा है। वे हैंडपंप का सहारा लेने मजबूर है। जिनमें हैंडपंप से पानी निकालने और तेज धूप के कारण कई घंटों तक सुबह शाम खड़ा रहना पड़ता है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत महासमुंद कलेक्टर से जन शिकायत निवारण विभाग में दर्ज कराई है। मामला संज्ञान में आने के बाद लोक स्वास्थ यात्रिकी ने बताया कि वहां नल जल और बोर खनन का काम पूरा हो गया है। लेकिन थ्री फेस विद्युत सप्लाई नहीं होने के कारण जल प्रदाय प्रारंभ नहीं हो पाया है।

## भागवत कथा में सुनाया शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भागवत महापुराण कथा का आयोजन स्व. मनीष कन्नौजे की स्मृति में 1 अप्रैल से 9 अप्रैल तक जारी है। तीसरे दिन कथा प्रवचन में पं. कुलभूषण तिवारी ने शिव-पार्वती विवाह प्रसंग कथा श्रवण कराते हुए कहा कि मनु सतरूपा की कन्या आकूति का विवाह पुत्रिका धर्म के अनुसार रुचि प्रजापति से तथा प्रसूति कन्या का विवाह ब्रह्माजी के पुत्र दक्ष प्रजापति से हुआ। उससे उन्होंने सुंदर नेत्रों वाली सोलह कन्याएं उत्पन्न कीं। इनमें से तेरह कन्याएं श्रद्धा, मैत्री, दया, शांति, तुष्टि, पुष्टि, क्रिया, उन्नति, बुद्धि, मेधा, तितिक्षाए और मूर्तिद्ध धर्म की कृपा बनी अग्निदेव स्वधा नामक कन्या समस्त पितरों की तथा सती नाम की कन्या महादेव की कृपा बनीं। उन्होंने कहा कि सती अपने पतिदेव की सेवा में ही संलग्न थीं। दक्ष प्रजापति की सभी कन्याओं को संतान की प्राप्ति हुई लेकिन सती के पिता दक्ष ने बिना किसी अपराध के भगवान शिवजी से प्रतिकूल आचरण किया था। इसीलिए युवावस्था में क्रोधवश योग द्वारा स्वयं ही अपने शरीर का त्याग कर देने से सती को कोई संतान न हो सकी। भागवत महापुराण कथा का आयोजन में गोकुल सोनकुमारी कन्नौजे, राजेश्वरी कन्नौजे, जय विजय कन्नौजे, क्रांति कन्नौजे, शीला कन्नौजे, लक्ष्मी कन्नौजे, कलिन्दरी कन्नौजे, कमलेश कन्नौजे, लक्ष्मी कन्नौजे, शकुन कन्नौजे तुषार कन्नौजे, विधान कन्नौजे, भूपेंद्र कन्नौजे, रामेश्वरी कन्नौजे, हरिशंकर कन्नौजे, पोषण कन्नौजे, सभी लोगों ने जुटे हुए हैं।

# बसना में लगा निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर

## आयुर्वेद प्राचीन पद्धति, यह दीर्घायु बनाती है : विधायक संपत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

स्थानीय अग्रसेन भवन में अग्रसेन भवन समिति बसना एवं रेट्रो ह्यूमन केयर फाउंडेशन हैदराबाद के संयुक्त तत्वावधान में 3 मई से 5 मई तक सुबह 8 बजे से 12 बजे तक तथा शाम 4 बजे से 7 बजे तक त्रिदिवसीय विशाल निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक डॉ. संपत अग्रवाल शामिल हुए। उन्होंने सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन की स्तुति कर अपने करकमलों से शिविर का शुभारंभ कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। साथ ही शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से ईलाज कराने पहुंचे सैंकड़ों लोगों का कुशलक्षेम पूछते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वास्थ्य योजनाओं पर चर्चा की। विधायक ने कहा कि आयुर्वेद पद्धति प्राचीन पद्धति है, हमें इसका उपचार लेना चाहिए। यह दीर्घायु देती है। सही अर्थों में चिकित्सा सेवा के माध्यम से ही मानवता की सेवा की जा सकती है। इस दौरान रतन अग्रवाल, सूर्य नारायण अग्रवाल, डॉ.एनके अग्रवाल, जयंती अग्रवाल, जयनारायण अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, रीतेश अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, रत्नम, विधायक प्रतिनिधि अभिमन्यु जायसवाल, भावेश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल समेत अग्रवाल सभा बसना, अग्रवाल महिला मंडल बसना, मारवाड़ी युवा मंच एवं उन्नति शाखा पदाधिकारीगण मौजूद रहे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133



## वनांचल में शुरू हुआ तेंदूपत्ता तोड़ाई कार्य...




**नर्रा।** क्षेत्र में दो मई से हरा सोना तेंदूपत्ता की तोड़ाई शुरू हो गई है। वन क्षेत्र से लगे गांव कोकड़ी, मुड़पार, झिटकी, पंडरीपानी, कारागुला, परसुली, अमनपुरी, सेनभांठा, खट्टी आदि के ग्रामीणों ने हरा सोना तेंदूपत्ता संग्रहण तोड़ने के लिए सभी लोग अलसुबह से जंगल की ओर रुख कर रहे है। जिससे जंगलों में चहल पहल बढ़ गई है। जंगलों से तेंदूपत्ता तोड़कर लाते है और घरसें में बैठकर दोपहर 25-25 यानी 50 नग के गड्डी बनाकर शाम होते ही निर्धारित तेंदूपत्ता संग्रहण फंड में विक्रय करने पहुंच रहे ।

## परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को स्मृति चिन्ह देकर किया प्रोत्साहित



**बसना।** शासकीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय बिछिया (पो) में वार्षिक परीक्षाफल समारोह का आयोजन जनपद सदस्य राजेश गड़तिया के मुख्य आतिथ्य में किया गया। मुख्य आतिथ्य की आसंदी से राजेश ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छा परीक्षा परिणाम का मूल मंत्र निरंतर कठिन परिश्रम है। उन्होंने समारोह में कक्षा पहली से आठवीं तक के प्रथम स्थान अर्जित करने वाले छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर उत्साहवर्द्धन किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक नरेश कुमार मिश्रा ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक विनोद कुमार विशाल, सुशील कुमार प्रधान, शुभकुमारी बाघ और मंजुलता प्रधान का सक्रिय योगदान रहा। उच्च प्राथमिक शाला के प्रभारी प्रधानपाठक रामनाथ साव एवं प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक अभिषेक कर आदि मौजूद रहे।

## लाफिनखुर्द में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम लाफिनखुर्द में 2 मई से 10 मई तक संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रवचनकर्ता महंत गोवर्धन शरण व्यास सिरकट्टी आश्रम है। कथा शुभारंभ 2 मई को जल कलश यात्रा, गौकर्ण पूजा, वेदी पूजा हुई।



3 मई शुक्रवार को कथा प्रारंभ, परीक्षित जन्म, वराह अवतार, 4 मई शनिवार को कपित अवतार, नरसिंह अवतार, 5 मई रविवार को वामन अवतार नरसिंह अवतार, 6 मई सोमवार राम जन्मोत्सव, कृष्ण जन्मोत्सव, 7 मई मंगलवार कृष्ण लीला, माखन चोरी, गिरिजा पूजा, 8 मई बुधवार रासलीला, रुक्मणि विवाह, 9 मई गुरुवार सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, चढ़ोत्री, शोभायात्रा और अंतिम दिवस 10 मई शुक्रवार को गीता उपदेश, हवन पूजन, पूर्णाहुति के साथ भोग भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। प्रवचन प्रतिदिन सुबह 9 से 12 एवं शाम 3 से 6 तक गौशाला चौक पानी टंकी के पास महंत गोवर्धन शरण व्यास करेंगे। संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान सप्ताह के आयोजनकर्ता धुरूत राम साहू और किरण ( हिरण) साहू द्वारा सभी जनों से कथा का अमृत पान कर अक्षय पुण्य का भागी बनने की अपील की है।




## अंकित ने किया मजदूर संघ के जुलूस का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



खल्लारी विधानसभा के कांग्रेसी नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस के दिन अपनी परंपरा का निर्वहन करते हुए प्रतिवर्ष निकलने वाले सर्व मजदूर संघ के भव्य जुलूस का साथियों सहित स्वागत किया व आइसक्रीम का वितरण किया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष और संरक्षक मंडल ने भी प्रतिवर्ष उनके द्वारा किए जाने वाले स्वागत के लिए आभार जताया।स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से रिहान कोहली, नेमी चंद्राकर, वारिस खान, सन्नी दुआ, लिकेश्वर सिंह, दादू ठाकुर, केदार ठाकुर, जावेद, प्रतीक अग्रवाल, किशन सोनवानी व बलराम ध्रुव उपस्थित रहे।

## सीमावर्ती जिलों के समीप मदिरा दुकानों में शुष्क अवधि घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी प्रभात मलिक ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र रायपुर में मतदान के लिए जिले के कम्पोजिट देशी मदिरा दुकान घोड़ारी, अछोला एवं विदेशी मदिरा दुकान सिरपुर को बंद रखने शुष्क अवधि घोषित किया है। उक्त तीनों मदिरा दुकान रायपुर जिले की सीमा से 3 किलोमीटर के भीतर स्थित है। शुष्क अवधि 05 मई 2024 शाम 06 बजे से लेकर 07 मई 2024 शाम 06 बजे (मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व) तक रहेगा। इसी तरह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र कालाहांडी में मतदान के लिए जिले में संचालित कम्पोजिट देशी मदिरा दुकान नर्रा को बंद रखने शुष्क अविध घोषित किया है। कंपोजिट देशी मदिरा दुकान नर्रा सीमावर्ती राज्य ओडिशा के नुआपाड़ा जिले की 3 किलोमीटर की सीमा पर स्थित है। शुष्क अवधि 11 मई 2024 शाम 6 बजे से लेकर 13 मई 2024 शाम 6 बजे (मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व) तक के लिए रहेगा। अतः उक्त अवधि में मदिरा का संपूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा। उक्त आदेश का कड़ाई से पालन करने निर्देशित किया गया है।

## बंजारा नायक समाज का महासम्मेलन 16 को

**बागबाहरा।** बंजारा नायक समाज कौड़िया परिक्षेत्र का वार्षिक सामाजिक महासम्मेलन 16 मई गुरुवार को भानपुर बागबाहरा में आयोजित किया गया है। जिसमें समाज के आय व्यय प्रतिवेदन, सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक विकास व विभिन्न विषयों पर चर्चा एवं नवीन कार्यकारिणी का गठन भी किया जाएगा। जिसमें शिवरीनारायण (महासभा), फुलझर परिक्षेत्र, बोडा सांभर, खोलहाराज 1,2 बलौदाबाजार, पाली, हसौद, किलकिला, तारा, छुरा परिक्षेत्र, रायपुर बॉडी आदि क्षेत्र के पदाधिकारीगण व कौड़ियां परिक्षेत्र के मातृशक्तिगण, टांडा नायक, कारभारी, कर्मचारीगण, पूर्व पदाधिकारीगण, विभिन्न टांडा के सामाजिक बंधुगण अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर वार्षिक महासम्मेलन को सफल बनाने की अपील की है।

